प्रादेशिक समाचार

26.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

**1.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाह्‌न 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से करेंगे अपने विचार साझा।

**2.** चुनाव आयोग ने 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए घर–घर जाकर मतदाता सूची पर्ची बांटने का काम आज से किया शुरू, पांच नवंबर तक चलेगा यह अभियान।

**3.** स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए झारखंड से जुड़े बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में नक्सलियों के खिलाफ चलाया जाएगा संयुक्त अभियान।

**4.** कमजोर हुआ चक्रवात दाना का असर, राज्य के कई हिस्सों में हो रही हल्की बारिश, मौसम विभाग का पूर्वानुमान–अगले चार दिनों तक मौसम में नहीं होगा कोई बड़ा बदलाव।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाह्‌न 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी।

कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा।

****************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदाता सूचना पर्ची मतदाता तक पहुंचाने का कार्य़ आज से शुरू हो चुका है। इस बारे में जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि 5 नवंबर तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

****************

राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने बताया कि अब तक कुल 805 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी से सबसे ज्यादा और खूंटी और सिमरिया विधानसभा सीट से सबसे कम उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 19 प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में आयोग ने राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों को एडवाइजरी दी है।

****************

दुमका जिले की चार विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर प्रमुख प्रत्याशियों की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है।

****************

विधानसभा चुनाव को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ संयुक्त रुप से ऑपरेशन चलाने पर सहमति बनी। बैठक के बाद डीजीपी श्री सिंह ने बताया कि राज्य में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।

वहीं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, डॉ. नेहा अरोड़ा ने रांची के धुर्वा में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि अब तक लगभग 57 करोड़ के अवैध सामान और नकद बरामद की गई है।

****************

भाजपा नेता सीता सोरेन के खिलाफ कांग्रेस नेता इरफान अंसारी द्वारा दिए गए विवादित बयान पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कड़ी आपत्ति जताई है।

****************

बीजेपी के झारखंड चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डॉ इरफान अंसारी द्वारा दिए गए इस आपत्तिजनक बयान की कड़ी आलोचना की है। श्री चौहान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इरफान अंसारी को तत्काल अपने कैबिनेट से बाहर करने की मांग की है।

****************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के हाल में दिए गए बयान की निंदा की है।

****************

मौसम विभाग ने कहा कि चक्रवात दाना के कारण बना दबाव उत्तरी ओडिशा के ऊपर कम दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर हो गया है और अगले 12 घंटों के दौरान इसके और कमजोर होने की संभावना है। इधर राज्य के कई हिस्सों में दाना चक्रवात का असर अभी भी बरकरार है। कई इलाकों में हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक राज्य में छिटपुट बारिश होगी। मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

********समाप्त*******